दिन– शनिवार | दिनांक– 30 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में आंधी–बारिश और वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में तेरह लोगों की मौत।

02. म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग आज पांच दिवसीय भारत दौरे के क्रम में बोधगया आ रहे हैं। महाबोधि मंदिर में करेंगे पूजा–अर्चना।

03. राज्य सरकार ने सरकारी बसों के किराये में दस से पन्द्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की। बढ़ा हुआ किराया एक जून से होगा प्रभावी।

04. और, प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की होगी जांच। एक जुलाई से शुरू होगा विशेष अभियान।

————————————————————————

प्रदेश में आंधी–बारिश और वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में कम से कम तेरह लोगों की मौत हो गयी। हालांकि सरकार ने केवल सात लोगों की ही मौत की पुष्टि की है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि गया में तीन, नवादा, पूर्वी चम्पारण और औरंगाबाद में दो–दो लोगों की मौत हुई है। वहीं, सारण, खगड़िया, रोहतास और भागलपुर में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन हादसों पर गहरा दुख जताते हुये मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि आंधी–बारिश के कारण सब्जी, लीची और आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। कई जगह पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गये, जिससे आवागमन और बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई। गया और सीवान में ट्रेनों का परिचालन भी बाधित हुआ। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान के सिसवन में सबसे अधिक एक सौ पैंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, गोपालगंज के भोरे में नब्बे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इस बीच विभाग ने आज भी राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की सम्भावना जतायी है।

–––साउंड बाईट–––

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से हुई फसलों की क्षति के सर्वे का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संबंध में कृषि और आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिये गये हैं, ताकि प्रभावित किसानों को समुचित राहत दी जा सके।

————————————————————————————————

प्रदेश में जून महीने के दौरान सामान्य से कम बारिश होगी। मौसम विभाग की ओर से जारी मॉनसून बुलेटिन में कहा गया है कि जून से सितम्बर तक सामान्य से कम बारिश का पूर्वानुमान है। राज्य में मॉनसून के आगमन में भी एक सप्ताह का विलम्ब हो सकता है।

————————————————————————————————

म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग आज अपने पांच दिवसीय भारत दौरे के क्रम में बोधगया आ रहे हैं। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

———साउंड बाईट———

म्यांमार के राष्ट्रपति आज सुबह नौ बजे विशेष विमान से गयाजी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। पदभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर और बकरौर स्थित ऐतिहासिक सुजाता मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। साथ ही वे म्यांमार के विभिन्न बौद्ध मठों का भी दौरा करेंगे। राष्ट्रपति के साथ उच्चस्तरीय अधिकारियों और बौद्ध प्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल भी मौजूद रहेगा। म्यांमार के राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुये महाबोधि मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

————————————————————————————————

राज्य सरकार ने सरकारी बसों के किराये में दस से पन्द्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। बढ़ा हुआ किराया एक जून से प्रभावी होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि परिवहन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———साउंड बाईट———

परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पचास किलोमीटर तक की दूरी के लिए पन्द्रह प्रतिशत, सौ किलोमीटर तक के लिए चौदह प्रतिशत और एक सौ पचास किलोमीटर तक के लिए बस किराये में तेरह प्रतिशत की बढ़ोतरी की गयी है। इसी तरह दो सौ किलोमीटर तक की दूरी के लिए बारह प्रतिशत, दो सौ पचास किलोमीटर तक के लिए ग्यारह प्रतिशत और तीन सौ किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए दस प्रतिशत किराये में वृद्धि हुई है। साधारण बस सेवा में पचास किलोमीटर तक यात्रा करने पर अब प्रति किलोमीटर एक रूपये तिहत्तर पैसे किराया देना होगा। पहले यह दर एक रूपये पचास पैसे थी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, परिवहन विभाग ने सिटी बसों के किराये में भी पन्द्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है।

————————————————————————————————

प्रदेश के मठ और मंदिरों की जमीन से अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए विशेष सेल बनाकर अभियान चलाया जायेगा। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को तेज करने के साथ ही समन्वित तंत्र विकसित करने

पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर और बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन भी मौजूद थे।

———————————————————————

सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निपटारे के लिए सहयोग कोषांग का गठन किया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग के अपर सचिव अखिलेश कुमार सिंह को नोडल पदाधिकारी और कोषांग प्रभारी बनाया गया है। सहयोग शिविर में आने वाले आवेदनों की मॉनिटरिंग, समन्वय और शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नई व्यवस्था लागू की गयी है।

———————————————————————

राज्य सरकार के कर्मियों के कैशलेस चिकित्सा योजना से जुड़ने पर उनके चिकित्सा भत्ता में कटौती होगी। ऐसे कर्मियों को प्रति माह दस प्रतिशत ही चिकित्सा भत्ता मिलेगा। वहीं, पेंशनभोगियों को इस योजना से जुड़ने पर एक माह की पेंशन राशि एक मुश्त जमा करनी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने बिहार राज्य स्वास्थ्य योजना की रूप–रेखा तैयार कर ली है। इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश वित्त विभाग के परामर्श के बाद जारी की जायेगी।

———————————————————————

दरभंगा के दोनार में मखाना प्रसंस्करण इकाई की स्थापना होगी। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की परियोजना समाशोधन समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस पर लगभग सत्ताईस करोड़ चौवालीस लाख रूपये की लागत आयेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की जांच कराने का फैसला किया है। यह जांच अभियान एक जुलाई से शुरू होगा। एक महीने तक चलने वाले अभियान के तहत विद्यालयों में आधारभूत संरचना, शिक्षकों की उपलब्धता, नामांकन, छात्र सुविधाओं और अन्य निर्धारित मानकों की जांच की जाएगी। साथ ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बच्चों की मुफ्त तथा अनिवार्य शिक्षा नियमावली के अनुपालन की भी जांच की जायेगी। शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों को पत्र भेजा है।

———————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई ने कहा है कि पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल एक जून से सक्रिय हो जायेगा। आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित

करने के लिए यह पोर्टल शुरू किया जा रहा है। इससे मूल्यांकन का सर्वोच्च मानदंड स्थापित होगा। बोर्ड ने कहा है कि विद्यार्थी किसी भी जानकारी के लिए सीबीएसई की टेली परामर्श हेल्पलाइन– एक आठ शून्य शून्य– एक एक– आठ शून्य शून्य चार पर सम्पर्क कर सकते हैं।

————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने विधानसभा की कई समितियों का पुनर्गठन किया है। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय को प्राक्कलन समिति का सभापति बनाया गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद को आंतरिक संसाधन और केंद्रीय सहायता समिति तथा कृषि उद्योग विकास समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं, अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू को आचार समिति का सभापति मनोनीत किया गया है।

————————————————————————

तेलंगाना विधानमंडल के पदाधिकारियों का दल अध्ययन दौरे पर बिहार विधानसभा और विधान परिषद पहुंचा। अध्ययन दल ने दोनों सदनों की कार्य प्रणाली समझने के लिए विधानसभा और विधान परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही इस दल ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार से भी मुलाकात की।

————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पाकिस्तान से जुड़े आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र में  बारह ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। किशनगंज के पेठिया प्रखंड स्थित मिर्जापुर गांव से एक युवक को हिरासत में लेकर उससे लंबी पूछताछ की गयी। हालांकि पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया।

————————————————————————

पटना के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के टेका बिगहा सिरसी टाल में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित –अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

————————————————————————

दरभंगा जिले के लहेरिया सराय थाना क्षेत्र के नाका नम्बर छह के पास पुलिस ने लगभग पच्चीस लाख रूपये मूल्य की प्रतिबंधित कफ सीरप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

शेखपुरा जिले के बरबीघा से तीन साईबर ठगों की गिरफ्तारी हुई है। ये सभी फर्जी वेबसाईट के जरिये लोगों से रूपये ठगते थे।

---

जमुई जिले के चरखा पत्थर थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में पुलिस और एसएसबी ने सर्च अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं।

---

शिवहर की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी बिट्टू कुमार को दस वर्ष कारावास और दस हजार रूपये की अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

---

मुंगेर के जमालपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने विक्रमशिला एक्सप्रेस से चार नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया है। सभी बच्चों की उम्र लगभग ग्यारह से पन्द्रह वर्ष के बीच बताई जा रही है।

---

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मोतिहारी शाखा द्वारा छह जून को मेगा कृषि ऋण आउटरीच कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत कृषि से संबंधित विभिन्नयोजनाओं के तहत ऋण वितरण किये जायेंगे।

---

आईपीएल क्रिकेट के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब फाइनल में गुजरात टाइटंस का मुकाबला मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच कल अहमदाबाद में शाम साढ़े सात बजे खेला जायेगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बेमौसम बारिश ने कहर बरपाया। राज्य के आठ जिलों में अठारह की मौत। कई झुलसे।

प्रभात खबर ने लिखा है– बिहार में आंधी–पानी से जनजीवन अस्त–व्यस्त। कई जगह पेड़ गिरे, फसलों को भी नुकसान।

दैनिक जागरण लिखता है– बस का सफर हुआ महंगा, दस से पन्द्रह प्रतिशत तक बढ़ा किराया।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– राष्ट्रपति से मिले मुख्यमंत्री, तिलका मांझी की प्रतिमा का अनावरण करने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– राबड़ी देवी को आवास खाली करने का नोटिस जारी।

आज अखबार ने लिखा है– वैभव पर भारी पड़ा गिल, गुजरात तीसरी बार आईपीएल के फाईनल में।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रदेश में आंधी–बारिश और वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में तेरह लोगों की मौत।

02. म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग आज पांच दिवसीय भारत दौरे के क्रम में बोधगया आ रहे हैं। महाबोधि मंदिर में करेंगे पूजा–अर्चना।

03. राज्य सरकार ने सरकारी बसों के किराये में दस से पन्द्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की। बढ़ा हुआ किराया एक जून से होगा प्रभावी।

04. और, प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की होगी जांच। एक जुलाई से शुरू होगा विशेष अभियान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।